भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा के चंडीगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे को स्मार्टेस्ट हवाईअड्डा पुरस्कार

नई दिल्ली,4 **नवंबर**,2016:**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उस समय गौरवान्वित होने का एक और अवसर मिला जब नेटवर्क** 18 **एवं हनीवैल द्वारा चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को** 10 **मिलियन से कम यात्री प्रतिवर्ष** (**एम पी पी ए**) **की श्रेणी में स्मार्टेस्ट हवाईअड्डे के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।**18 **अक्टूबर** 2016 **को द ओवल बालरूम**, **हयात रीजेंसी**, **नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत के बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को नए एकीकृत टर्मिनल भवन के लिए स्मार्ट बिल्डिंग पुरस्कार** 2016 **से सम्मानित किया गया ।**

श्री राव इंद्रजीत सिंह, **माननीय शहरी विकास राज्यमंत्री**, **भारत सरकार ने हनीवैल इंडिया के अध्यक्ष के साथ मिलकर यह पुरस्कार दिया । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से**, **श्री डी.के. कामरा**, **महाप्रबंधक** (**इंजीनियरिंग-परियोजना**), **चंडीगढ़ हवाईअड्डा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया । पूरे भारत से प्राप्त विभिन्न प्रविष्टियों का चयन के लिए केपीएमजी तथा मिस्टर एंड यंग द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया था।**

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 46/2016-17

श्री राव इंद्रजीत सिंह, माननीय शहरी विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार, भारत में अवसंरचना परियोजनाओं के लिए चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, चंडीगढ़ के नए एकीकृत टर्मिनल भवनको 10 **एम पी पी ए से नीचे की श्रेणी में स्मार्टेस्ट हवाईअड्डा पुरस्कार देते हुए । साथ में उपस्थित हैं: हनीवैल इंडिया के अध्यक्ष तथाभारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी ।**